दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार, बरमकेला पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़।** दिनांक 08/08/2021 को थाना बरमकेला में पदस्थ प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, हमराह आरक्षक पुरूषोत्तम राठौर, तुलेश्वर प्रसाद साहू, बाबूलाल पटेल के साथ मुखबिर सूचना पर ग्राम सराईपाली चौक के पास हाथ में प्लास्टिक थैला लेकर पैदल एक युवक का शराब लेकर आते हुये पकड़े। आरोपी युवक अपना नाम राजू चौहान पिता रामकृष्ण चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी हिर्री थाना बरमकेला का होना बताया। आरोपी के पास से एक 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन में 10 लीटर महुआ शराब कीमती 2,000 रूपये का ज्पत किया गया है। आरोपी पर थाना बरमकेला में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

### सिकंदराबाद-छपरा के मध्य स्पेशल ट्रेन का 05 फेरो के लिए विस्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्री सुविधाओ को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन के द्वारा सिकंदराबाद एवं छपरा के मध्य 05 फेरों के लिए 07051/ 07052 सिकंदराबाद-छपरा - सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह स्पेशल ट्रेन की सुविधा सिकंदराबाद से प्रत्येक रविवार को 08, 15, 22 एवं 29 अगस्त तथा 05 सितम्बर को तथा छपरा से प्रत्येक मंगलवार को 10, 17, 24 एवं 31 अगस्त तथा 07 सितम्बर को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 02 एसएलआर, 06 सामान्य, 05 एसी-थ्री, 10 स्लीपर कोच सहित कुल 23 कोच रहेगी। यह गाड़ी पूरी तरह आरक्षित है एवं केवल कंफर्म टिकट यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति रहेगी तथा साथ ही यात्रा के दौरान कोविड-19 के नियमों का आवश्यक रूप से पालन करना होगा।

### एटीएम का शटर तोड़कर 7 हजार की चोरी,अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** एटीएम का शटर तोड़कर 7 हजार रुपये की चोरी कर लेने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गंजानंद परिसर हर्षित टॉवर टाटीबंध निवासी रोशन चंद्रकांत 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि सीनियर एग्जिकेटिव के पद पर एफ आई एस पेमेंट सोल्युशन एंड सर्विसेज इंडिया प्रा0लि0 में पदस्थ है। कंपनी एफ आई एस पेमेंट साल्युशन एंड सर्विसेज इंडिया प्रा0लि0 पता त्रितिय मंजिल फेयर मांट बिल्डिंग हीरानंदानी बिजनेस पार्क पवई मुम्बई 400076 द्वारा लगाया गया है। रायपुर बुढापारा स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में तोडफोड एवं चोरी की सूचना मिली है दिनांक 02/08/2021 को कैश लोडिंग कंपनी द्वारा एटीएम में 7000रूपये एवं एटीएम पाट्र्स कैश शटर, प्रेसेंटर में तोडफोड की एवं चोरी की जानकारी देने पर उपरोक्त तोडफोड एवं अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454,380,427 के तहत अपराध कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

# स्पार्की के नकली जींस बेचे जाने की सूचना पर कोतवाली पुलिस की तीन दुकानों पर रेड

**» कॉपीराइट के तहत अपराध दर्ज, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 07/08/2021 को जे.के. जैन स्पार्की इण्डिया कंपनी के लीगल एडवाईजर जुगल किशोर आहूजा निवासी दिल्ली द्वारा थाना कोतवाली आकर कोतवाली प्रभारी मनीष नागर को बताया गया कि रायगढ़ के चूड़ी गोदाम में कैलाश अम्बावनी , संजय कांपलेक्स स्थित पप्पू गवर्नमेंट तथा संजय कांपलेक्स में प्रकाश गवर्नमेंट में ब्रांडेड स्पार्की कंपनी के नाम से नकली जींस बेचे जा रहे हैं जो कॉपीराइट का उल्लंघन है। मामले को गंभीरता से लेते हुए टीआई नागर द्वारा पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा को अवगत कराया गया जिनके निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा, प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय, आरक्षक विनोद शर्मा, पेट्रोलिंग टीम के राजेन्द्र पटेल एक-एक कर तीनों दुकानों में कंपनी के लीगल एडवाईजर को साथ लेकर दबिश दी गई जहां दुकानों में भारी मात्रा में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर अन्य कपड़ों में स्टीकर लगाकर विक्रय करते पाये गये। संचालाकों से पूछने पर कि ये माल कहाँ से लिया कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे पाये। दुकान संचालकों द्वारा ज्यादा मुनाफा कमाने के मकसद से स्पार्की कंपनी नाम का गलत इस्तेमाल कर कॉपीराइट कानून का उल्लंघन किया जाना पाये जाने पर सामानों की जांच कर नकली सामानों की लिस्ट तैयार किया गया है। तीनों दुकानों से करीब 50,000 रूपये के नकली जींस मिले हैं। दुकान के संचालकों पर थाना कोतवाली में क्रमशः अप.क्र. 1103, 1104, 1105/2021 धारा कॉपीराइट अधिनियम (संशोधित) 1957 की धारा 63 के तहत अपराध कायम किया गया। अपराध कायमी के महत 5 घंटे के भीतर ही कोतवाली पुलिस द्वारा तीनों आरोपियों को उनके सकूनत से गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें रिमांड पर भेजा गया। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस गत दिनों लगातार धोखाधड़ी के आरोपियों पर कार्रवाई की गई पिछले दिनों अवैध कबाड़ के आरोपियों को जेल भेजा गया है। अब नकली सामानों के बेचे जाने की सूचना पर कॉपीराइट की कार्रवाई करने पर क्षेत्र में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप कुमार बेहरा, राजेंद्र पटेल, प्रधान आरक्षक शंकर क्षत्रिय, आरक्षक विनोद शर्मा की अहम भूमिका रही है।

इन पर हुई कार्यवाही-

1- चूडी गोदाम में कैलाश होजरी के नाम से संचालित दुकान के मालिक कैलाश अम्बवानी पिता जवाहर लाल अम्बवानी उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी गुलमोहर कालोनी बेलादुला रायगढ़

2- संजय कम्पलेक्स में प्रकाश गारमेंट्स के नाम से संचालित दुकान के मालिक प्रकाश सिंह चौहान पिता स्व . लक्ष्मीनारायण चौहान उम्र 34 वर्ष सा. दरोगापारा जैन मंदिर के पास रायगढ़

3- संजय कम्पलेक्स में पप्पू गारमेंट के नाम से संचालित दुकान के मालिक संजय देवांगन उर्फ पप्पू देवांगन पिता फूलचंद देवांगन उम्र 38 वर्ष कोष्टापारा कोतवाली रायगढ़।

## चोरी की 4 दुपहिया वाहन के साथ युवक गिरफ्तार

**» जूटमिल पुलिस ने की छापेमार कार्रवाई**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में आज दिनांक 08/08/2021 के दोपहर जूटमिल पुलिस द्वारा अमलीभौना में रहने वाले धनीराम सिदार पिता मिट्ठूराम सिदार उम्र 25 वर्ष के घर रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बाइक चोरी कर घर के पीछे छिपा रखा है। पुलिस द्वारा धनीराम सिदार से सख्त पूछताछ करने पर धनी सिदार बाईक चोरी कर अपने घर पीछे के छिपाकर रखना बताया। आरोपी के निशादेही पर त्रिपाल में ढकी हुई 1- एक काला रंग का सुजुकी मैक्स 100, 2- एक सफेद रंग एक्टिवा सोल्ड, 3- एक नीला काला रंग हीरो होंडा ग्लैमर सीजी 12केएच- 2360, 4-एक पल्सर बाइक सीजी13 यूई- 5703 कुल 4 दुपहिया कीमत 2,37,000 रुपए का बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर कोरबा एवं रायगढ़ के विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी पर चौकी जूटमिल में धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379 आईपीसी की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गिरधारी साव, प्रधान आरक्षक शम्भू पाण्डेय, आरक्षक सत्या यादव एवं बनारसी सिदार की अहम भूमिका रही है।

## तमनार पुलिस की दो पेशेवर बाइक चोर को गिरफ्तार, चोरी की पांच मोटर सायकलें बरामद

**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक लक्ष्मण प्रसाद पटेल के नेतृत्व में तमनार पुलिस द्वारा पेशेवर बाइक चोर भोले शंकर कैवर्त मोटरसाइकिल चोरी कर बिक्री करने के लिए अपने किराये मकान पर छिपाकर रखा था, जिसे रेड कर पकड़ा गया है। आरोपी उसके साथी के साथ पिछले 06 माह से तमनार-घरघोड़ा आसपास बाइक चोरी कर अपने किराये मकान पर छिपाकर रख रहा था जिससे 5 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। आरोपियों को चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



थाना तमनार का चार्ज लेने के बाद निरीक्षक एल.पी. पटेल द्वारा थाना क्षेत्र के निगरानी, माफी, बदमाशों व संदिग्धों को चेक कर थाने के समस्त स्टाफ अपने-अपने बीट में उनकी गतिविधियों पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 08/08/2021 को मुखबीर से थाना प्रभारी को सूचना मिली कि बाइक चोरी मामले में जमानत पर रिहा भोले शंकर कैवर्त तमनार व घरघोड़ा क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी कर उन्हें खपाने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है। चोरी की मोटरसाइकिल को टपरंगा के ईट भट्ठा के पास किराए के मकान में छुपा रखा है। आरोपी भोले शंकर कैवर्त के कब्जे से दो नई होंडा साईन मोटरसाइकिल एक सीडी डिलक्स मोटर सायकल तथा आरोपी खेमराज से दो हीरो पैशन बाइक बरामद किया गया है। आरोपियों से जप्त मोटरसाइकिल की कीमत लगभग 4,000,00 रुपए है। आरोपी भोले शंकर कैवर्त पिता जीवन प्रकाश कैवर्त उम्र 29 साल निवासी डबरा जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम टपरंगा थाना दमदार एवं आरोपी खेमराज यादव पिता चमार सिंह यादव उम्र 23 वर्ष निवासी टपरंगा थाना तमनार के विरुद्ध धारा 41(1+4)सीआरपीसी/379, 34 ताहि की कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। ज्ञात हो कि आरोपी भोले शंकर कैवर्त को पूर्व में 21 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गई थी जिसे बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी द्वारा चक्रधरनगर, घरघोड़ा, पूंजीपथरा, लैलूंगा क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी किया गया था।

# ओडिशा से नशीली सिरप की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**» आरोपी से 43 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद**

**» एक अन्य कार्रवाई में बाइक पर 5 किलो गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर थाना सरिया का प्रभार लेते ही थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा अवैध महुआ शराब पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। टीआई विवेक पाटले एसपी अभिषेक मीणा के मंशा अनुरूप नशे के कारोबार का उन्मूलन करने की ठान क्षेत्र में सूचनातंत्र एवं बीट प्रणाली प्रभावी किया गया है, जिसका बेहतर परिणाम उन्हें मिल रहा है। थाना प्रभारी सरिया के नेतृत्व में कल दिनांक 07/08/2021 को प्रतिबंधित कफ सीरप एवं मादक पदार्थ गांजा के अवैध परिवहन पर कार्रवाई कर आरोपियों से मादक पदार्थों एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन की जप्ती कर एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 07/08/2021 को गांजा के अवैध परिवहन की सूचना पर थाना प्रभारी विवेक पाटले हमराह प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, आरक्षक खीरेन्द्र जलतारे, रामजी सारथी के साथ कार्रवाई के लिये रवाना हुये। थाना प्रभारी को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिरजुपाली उडिसा से मोटर सायकल पर गांजा लेकर अमलीपाली के रास्ते से आने वाला है। थाना प्रभारी अमलीपाली बेरियर में नाकाबंदी कर संदेही के आने का इंतजार किये शाम करीब 17:10 बजे बिरजुपाली उडिसा की ओर से बडे नावापारा बरमकेला जाने वाली मेन रोड में एक काला रंग का मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर बिना नम्बर में एक व्यक्ति तेज रफ्तार से आते दिखाई दिया जिसके पास मोटर सायकल के सामने में एक प्लास्टिक थैला था। जिसे हमराह स्टाफ के हाथ मारकर घेराबंदी कर रोके। मो0सा0 चालक को पुछताछ करने पर अपना नाम जोहित लाल कर्ष पिता उमेन्द कर्ष उम्र 35 वर्ष सा0 छिर्राडीह थाना जैजेपुर जिला जांजगीर चांपा, हाल बलगी शांति नगर थाना बांकीमोगर जिला कोरबा का होना बताया तथा उडिसा बिरजुपाली निवासी किशन पटेल के पास से मादक पदार्थ गांजा बिक्री हेतु लेकर आना बताया। संदेही की तलाशी लिये जाने पर उसके मोटर सायकल के हैण्डल में 05 पैकेट में मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसका वजन 05 किलो किमती 25,000 रूपये पाया गया। आरोपी से अवैध गांजा व बिना नंबर बाईक की जप्ती की गई है।

वहीं एक अन्य कार्रवाई में सरिया थाने के उप निरीक्षक माधव साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर दिनांक 07/08/2021 ग्राम अमलीपाली में नाकेबंदी कर ओड़िशा की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एम 3986 के चालक को रोककर पूछताछ किया गया जिसने अपना नाम सेवक राम बारीक पिता जगत राम बारीक उम्र 32 वर्ष साकिन खैरपाली थाना आम्बाभौना जिला बरगढ उडिसा बताया जिसकी विधिवत तलाशी लिये जाने पर आरोपी के कब्जे से कोडिन फास्फेट की 100-100 एमएल 43 नग शीशी किमती 8600 रूपये मिला , जिसके प्रयोजन के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा इसे क्षेत्र में अवैध रूप से बिक्री करने ले जाना बताया। आरोपी से प्रतिबंधित कफ सिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक की जप्ती की गई है। कार्यवाही में माधव राम साहू आरक्षक गोपाल प्रसाद डनसेना, मनीजर सिदार, सत्यम मंडलोई की अहम भूमिका रही है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हरेली तिहार



**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ का पहला पर्व हरेली जिले में हर्षोउल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर गौठानों में गोधन व कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना की गयी। बच्चों के लिए विविध पारम्परिक खेलों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही वृक्षारोपण सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।

आज इस पर्व पर अच्छी फसल की कामना करते हुए सुख और समृद्धि के लिए परंपरा के अनुसार पूजा विधान संपन्न किया गया। गेड़ी, कुर्सी दौड़, फुगड़ी और रस्साकस्सी जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के साथ बड़ों ने भी उत्साह से भाग लिया।

लोक महापर्व हरेली का पर्व कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। फसल को लगाने और बियासी के बाद किसान पहले चरण से निवृत्त होता है। इसके साथ ही वह अपने औजारों और गोधन की पूजा कर उनके प्रति अपना आभार व्यक्त करता है। इस दौरान गांवों में अत्यंत उल्लास का वातावरण होता है।

# घरघोड़ा पुलिस की बरौनाकुंडा जंगल पहाड़ किनारे खुडखुड़िया जुआ फड की घेराबंदी

**» जुआ खेलाने वाले 07 आरोपी गिरफ्तार, नकदी, दो बोलेरो, एक मारूती ओमनी और एक इक्को कार जब्त**

**» रायकेरा में 4 लोग 52 पत्ती तास से जुआ खेलते पकड़े गये, फड पर लगा 12 हजार जब्त**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर पिछले दो दिनों में कई थानाक्षेत्र अन्तर्गत जुआ रेड की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में कल दिनांक 07/08/2021 के शाम-रात ग्राम बरौनाकुंडा के बस्ती के बाहर जंगल रास्ता में झंडी मुंटी गोटी पट्टी से खुडखुडिया नामक जुआ की सूचना पर पुलिस बल द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम को आते देख जुआ खेलने वाले लोग भाग गये। पुलिस पार्टी 06 जुआ फड से 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जुआ खेलाने वाले 04 आरोपी जिला जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के तथा 03 आरोपी तमनार थानाक्षेत्र के हैं, जिनके पास से 04 कार (बोलेरो, ओमनी, इको कार) एवं नकदी रकम 8,550 रूपये की जप्ती की गई है। गिरफ्तार आरोपी में गोविंद डनसेना, डोला साहू, संत प्रसाद माहेश्वरी, महेश राठिया, दुर्योधन किसान, लक्ष्मण राठिया, नरेन्द्र कुमार साहू शामिल हैं।

वहीं ग्राम रायकेरा जुआ रेड कार्रवाई में 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते पकड़े गये जुआडियान 1. अनिल बेहरा पिता दुबराज बेहरा उम्र 40 वर्ष सा. रायकेरा 2. शिवप्रसाद बेहरा पिता समारू बेहरा उम्र 49 वर्ष सा. रायकेरा 3. वीरसेन राठिया पिता कार्तिक राम राठिया उम्र 39 वर्ष सा. रायकेरा 4. रामदयाल राठिया पिता दया राम उम्र 36 वर्ष सा. रायकेरा से जुमला 12,360 रूपये एवं 52 पत्ती तास की जप्ती की गई है। जुआडियान पर जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# रायगढ़ बना प्रदेश का पहला पूर्ण कोविड टीकाकृत नगर निगम

**» लक्ष्य अनुसार टीकाकरण पूरा**

**» 05 विकासखंड में भी टीकाकरण का लक्ष्य हुआ पूरा**

**» जिले में 10 लाख से अधिक लोगों को लग चुकी है टीके की पहली खुराक**



**रायगढ़ ।** रायगढ़ शहर में कोविड टीकाकरण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। यहां सभी आयु श्रेणी के पात्र लोगों को कोविड टीके की पहली खुराक लग चुकी है। इसी के साथ रायगढ़ प्रदेश का पहला नगर निगम बन गया है, जहां फर्स्ट डोज कोविड वैक्सीनेशन पूरा कर लिया गया है। रायगढ़ शहर में 1 लाख 14 हजार 375 लोगों को पहली डोज लगायी जा चुकी है। कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में कोविड वैक्सीनेशन का काम पूरी तेजी से जारी है। जिसका परिणाम है जिले के 94 फीसदी आबादी को कोविड टीके की पहली डोज लगाई जा चुकी है। रायगढ़ नगर निगम के साथ जिले के 05 विकासखंड तमनार, पुसौर, बरमकेला, घरघोड़ा और रायगढ़ शहरी तथा एक अन्य नगरीय निकाय किरोड़ीमल नगर में लक्ष्य अनुसार सभी पात्र लोगों को टीके की फर्स्ट डोज लगायी जा चुकी है।

01 मार्च से आम नागरिकों का कोविड टीकाकरण शुरू हुआ था। 5 माह बाद जिले में 94 प्रतिशत लोगों को फर्स्ट डोज़ लगाया जा चुका है। अब तक पहली खुराक के 10 लाख से अधिक टीके जिले में लगे हैं। शहर में भी लक्ष्य अनुसार सभी पात्र नागरिकों का टीकाकरण पूर्ण किया जा चुका है। इसी के साथ 05 विकासखंड आउर एक अन्य नगरीय निकाय में भी टीकाकरण लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। जिसमें तमनार, पुसौर, बरमकेला, घरघोड़ा और रायगढ़ शहरी और किरोड़ीमल नगर शामिल है। तीन अन्य विकासखंड में भी 90 फीसदी से ज्यादा टीकाकरण कर लिया गया है। जिसमें लोइंग में 96 प्रतिशत, खरसिया 95 प्रतिशत और लैलूंगा में 90 प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। धरमजयगढ़ में 88 और सारंगढ़ में 76 प्रतिशत लोगों को टीके लगे हैं।

कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व और सीईओ जिला पंचायत डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में कोविड टीकाकरण पूरी रफ्तार से जारी है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ जनप्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया गया। कलेक्टर भीम सिंह ने लगातार निगम पार्षदों के साथ सरपंचों की बैठक ली। लोगों को टीकाकरण मुहिम से जुड़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया गया। जल्द से जल्द पूरी आबादी को वैक्सीनेट करने जिला अधिकारियों के नेतृत्व में संयुक्त टीम फील्ड में उतारकर महाभियान चलाया गया। टीमें लोगों के घर.घर तक पहुंची। हिचक रहे लोगों को टीके के बारे में तथ्यात्मक जानकारी देकर टीका लगवाने प्रेरित किया गया। शासन से लगातार समन्वय कर इतने बड़े पैमाने पर टीके की व्यवस्था कर उसका मोबिलाइजेशन किया गया। जिसका सकारात्मक परिणाम ये है कि आज जिले की 94 फीसदी आबादीए 1 लाख 4 हजार 162 लोग कोविड टीके की पहली खुराक ले चुके हैं और रायगढ़ जिला कोविड वैक्सीनेशन के मामले में पूरे प्रदेश में टॉप पर है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480